प्रथम सत्र परीक्षा

नाम : .... **अनुक्रमांक**: ....

कक्षा : आठवी **तुकडी** : अ / ब **विषय** : हिंदी **अंक**: ५०

SCHOOL NAME :

विभाग 1 - गद्य **(12)**

प्रश्न 1.

(क) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए। **(6)**

1. संजाल पूर्ण कीजिए। [2]



तीसरी राजकुमारी को इस बात का यकीन था कि पिताजी ने उन्हें यूँ ही ये दाने नहीं दिए होंगे। जरुर इसके पीछे कोई मकसद होगा। पहले तो उसने भी अपनी दूसरी बहनों की तरह ही उन्हें सहेजकर रख देने की सोची, लेकिन वह ऐसा न कर सकी। दो-तीन दिनों तक वह सोचती रही, फिर उसने अपने कमरे की खिड़की के पीछेवाली जमीन में वे दाने बो दिए। समय पर अंकुर फूटे। पौधे तैयार हुए, दाने निकले। राजकुमारी ने तैयार फसल से दाने निकाले और फिर बो दिए। इस तरह पाँच वर्षों में उसके पास ढेर सारा गेहूँ तैयार हो गया।

2. उत्तर दें : [2]

i. तीसरी राजकुमारी को क्या यकीन था?

____

____

ii. तीसरी राजकुमारी ने गेंहूँ के दानों के साथ क्या किया?

____

____

3. 'दही' और 'जूता' शब्द के लिंग का नाम लिखें। [2]

____

(6)

Downloaded from : smartedu.help

(ख) निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए। [10]

1. संजाल पूर्ण कीजिए। [2]



हिंदी-उर्दू तो हमेशा से ही बहुत अच्छी रही है उनकी। अंग्रेजी-फ्रेंच भी वे बहुत अच्छी लिखते थे। कविताओं से बहुत प्यार था उन्हें। शेर-गजल व पुराने हिन्दी गाने बड़े प्यार से सुनते थे। एक डायरी रखते थे अपने पास। रजा साहब को अच्छा खाने का बहुत शौक था पर दाल-चावल, रोटी-आलू की सब्जी में तो उनकी जान अटकी रहती थी। मैं हफ्ते में एक बार भारतीय शाकाहारी खाना बनाकर भेजती थी उनके लिए, उनके फ्रांसीसी दोस्तों के लिए।

2. उत्तर दें: [2]

1. रजा साहब की जान किसमें अटकी रहती थी?

____

____

2. रजा साहब अपने पास क्या रखते थे?

____

____

3. (क) निम्नलिखित क्रियाओं के प्रथम और द्वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए।[1]

भूलना, [ ] [ ]

(ख) निम्नलिखित वाक्य में उचित विरामचिह्न का प्रयोग करें। [1]

ओह कंबख्त ने कितनी बेदर्दी से पीटा है

____

Downloaded from : smartedu.help

06

विभाग 2 : पद्य

प्रश्न 2.

(क) पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:

1. संजाल पूर्ण कीजिए: [2]

कवि ने इन बातों को सीख लेने के लिए कहा है

वाणी में शहद घोलना सीख लीजे,
जरा प्यार से बोलना सीख लीजे।
चुप रहने के, यारों बड़े फायदे हैं,
जुबाँ वक्त पर खोलना सीख लीजे।
कुछ कहने से पहले जरा सोचिए,
खयालों को खुद तौलना सीख लीजे।
तू-तड़ाक हो या फिर हो तू-तू मैं-मैं,
अपने आपको टोकना सीख लीजे।

2. उत्तर दें: [2]

(क) चुप रहने से क्या फायदा होता है?

____

____

(ख) बोलने से पहले सोचना क्यों चाहिए?

____

____

3. (क) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए। [1]

- प्यार
- फायदा

(ख) विरुद्धार्थी शब्द लिखिए। [1]

- प्रेम
- फायदा

12

विभाग 3 : भाषा अध्ययन (व्याकरण)

प्रश्न 3. सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

(1) (क) निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। [2]

पास, क्योंकि

____

____

Downloaded from : smartedu.help

(ख) रचना के आधार पर निम्न वाक्यों के भेद पहचानें: [2]

1. उसने घर आकर भोजन किया।
2. उसे फल खरीदने थे इसलिए वह बाजार गया।

(2) निम्नलिखित वाक्य शुद्ध करके लिखिए। [2]

1. गाय बूढा है।
2. तुम तुम्हारे घर जाओ

(3) अर्थ के आधार पर वाक्य निम्न वाक्यों के प्रकार बताएँ। [2]

1. टैक्सी एक पतली सड़क पर दौड़ पड़ी।
2. वे घर पहुँच गए होंगें।

(4) उपसर्ग अलग करके मूल शब्द लिखिए: [2]

शब्द	उपसर्ग	मूल शब्द
अभिशाप		
अनुकरण		

(5) (क) कोष्ठक में उचित शब्द चुनकर लिखिए। [2]

1. वह बड़ा _______ आदमी है। [चालक, चालाक]
2. वह ________ शिशु है। [नवजात, नवीन]

विभाग 4 : रचना विभाग (उपयोजित लेखन) 20

सूचना : आवश्यकतानुसार परिच्छेदों में लेखन अपेक्षित है।

प्रश्न 4.

1. पत्रलेखन: (5)

निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्रलेखन कीजिए:

आठवीं में पढ़ने वाली/वाला अभिषेक/अभिषा देसाई, दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रावास से अपने पिता सुधाकर देसाई, महानगर, नागपूर को रुपए मँगवाने के लिए पत्र लिखता /लिखती है।

अथवा

अमित/अमिता देसाई,10\147, गणेश कॉलोनी, मिरज से ‘स्वच्छता अभियान’ में सहयोग देने के लिए से अपनी कॉलोनी के सचिव को पत्र लिखता/लिखती है।

Downloaded from : smartedu.help

2	कहानी लेखन:	[5]

निम्नलिखित शब्दों के आधार पर लगभग 70 से 80 शब्दों में कहानी लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए:

एक कुम्हार ..... नशे की हालत में चोट लगना ----- माथे पर हमेशा के लिए चोट का निशान रह जाना ----- राजा का देखना ..... बड़ा योद्धा समझना .... उसे नौकरी पर रखना ----- राज्य पर दुश्मनों का आक्रमण..... कुम्हार को सेना का नेतृत्व सौंपना .... कुम्हार को राजा को सच बताना ... राजा को गलती का अहसास होना।

Downloaded from : smartedu.help

3. विज्ञापन लेखन: [5]

निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर लगभग 60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए:

उजाला सफाई पावडर		
	बेदाग़	
		किफायती दाम

4. निबंध लेखन: [5]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में निबंध लेखन कीजिए।

1) सत्संगति 2) समय का सदुपयोग

Downloaded from : smartedu.help